भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(युवा कार्यक्रम विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2394

उत्तर देने की तारीख 5 मार्च, 2020

15 फाल्गुन, 1941 (शक)

राष्ट्रीय युवा महोत्सव

2394. श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटीलः
डॉ. सुभाष रामराव भामरेः
श्री डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
श्री कुलदीप राय शर्माः
श्री बी. मणिक्कम टैगोरः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल में 23वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव आयोजित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा महोत्सव की विषय-वस्तु क्या है;

(ख) उक्त आयोजन/ कार्यक्रमों में कितने युवाओं ने हिस्सा लिया तथा महोत्सव के दौरान कितने कार्यक्रम आयोजित किए गए;

(ग) क्या इस प्रकार के महोत्सव का आयोजन परस्पर संवाद करने और सामाजिक एवं सांस्कृतिक विशिष्टता का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करने में सहायता करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) इन तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान आयोजित किए गए ऐसे महोत्सवों की संख्या का ब्यौरा क्या है और ऐसे महोत्सव से कितने युवा लाभान्वित हुए हैं और

(ङ) सरकार द्वारा युवाओं को साथ में लाने के लिए एक मंच के निर्माण हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) जी, हां । युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से लखनऊ, उत्तर प्रदेश में 12 से 16 जनवरी, 2020 तक 23वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया है । इस महोत्सव की थीम फिट यूथ फिट इंडिया थी ।

(ख) 23वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में देश के विभिन्न भागों से 7174 युवाओं ने भाग लिया । इस महोत्सव के दौरान उद्‌घाटन और समापन समारोह के अलावा 18 प्रतियोगी और 6 गैर-प्रतियोगी कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

(ग) जी हां, विभिन्न कार्यक्रमों जैसे लोक नृत्य, लोक गीत, शास्त्रीय नृत्य (मणिपुरी, ओडिसी, भरतनाट्यम, कथक और कुचिपुड़ी), क्लासिकल वोकल सोलो (हिंदुस्तानी और कर्नाटक), क्लासिकल इन्स्ट्रूमेंटल सोलो (सितार, बांसुरी, तबला, वीणा और मृदंगम), हारमोनियम (लाइट) और गिटार ने इस महोत्सव के प्रतिभागियों को परस्पर संवाद करने तथा सामाजिक और सांस्कृतिक विशिष्टता का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान किया । फूड फेस्टिवल, युवा कृति और सांस्कृतिक संध्याओं के आयोजन से भी विभिन्न संस्कृतियों के आदान-प्रदान का अवसर मिला ।

(घ) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान आयोजित किए गए ऐसे महोत्सवों की संख्या का ब्यौरा इस प्रकार है :-

क्र. सं.	वर्ष	स्थान	थीम	प्रतिभागियों की संख्या
1	2017	रोहतक, हरियाणा	यूथ फॉर डिजिटल इंडिया	7500
2	2018	ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश	संकल्प से सिद्धि	3456
3	2019	वर्ष 2019 में, राष्ट्रीय युवा महोत्सव का विलय राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के साथ कर दिया गया था और इसका आयोजन 12 जनवरी से 27 फरवरी, 2019 तक किया गया ।		

(ङ) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ऐसे महोत्सवों का आयोजन करने के साथ राज्य सरकारों, नेहरू युवा केंद्र संगठन और स्वयंसेवी संगठनों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव और अन्य कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय एकता शिविर, अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम और बहु-सांस्कृतिक कार्यकलाप संचालित करने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है । ऐसे महोत्सव और शिविरों में प्रतिभागिता से राष्ट्रीय एकता, अनेकता में एकता की भावना को बढ़ावा मिलता है और युवाओं में सामाजिक समरसता की भावना उत्पन्न होती है जो युवाओं को एक साथ लाती है ।

****